हिन्दुस्तान
सोमवार, 27 मार्च 2023
02
www.livehindustan.com

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों ने पौधे लगाए

- अग्रवाल कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय शिविर
- जैविक खाद के प्रति लोगों को जागरूक किया

बल्लभगढ़, संवाददाता। अग्रवाल कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन प्रातः काल में स्वयंसेवकों ने अरावली के वनों का भ्रमण किया व वहां होने वाली वनस्पति व पाए जाने वाले जीवों के बारे में जाना।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत के निर्देश पर इस भ्रमण के पीछे उद्देश्य स्वयंसेवकों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना व विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक तंत्रों की जानकारी देना है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने वहां अरावली बचाओ ट्रस्ट के अधिकारियों के साथ मिलकर पौधे लगाए व जैविक खाद डाला। स्वयंसेवकों को बताया गया कि किन कारणों से हमारे वन समाप्त होते जा रहे हैं और हम इनको कैसे संरक्षित कर सकते हैं।

दिन के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि स्टेट ब्रांच पंचकूला राष्ट्रीय सेवा योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार ने राज्य एनएसएस शाखा के अंतर्गत जो भी गतिविधियां की जाती हैं उनकी जानकारी दी व संबंधित विभिन्न उपलब्धियों से भी रूबरू कराया।